आज समाज 04/04/2025

# शैक्षणिक परिभ्रमण:जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने की मैक्लॉडगंज की यात्रा



स्टूडेंट्स के साथ स्टाफ।

**आज समाज नेटवर्क**

**अंबाला।** जी.एम.एन कॉलेज अंबाला कैंट एनएसएस यूनिट एवं हिंदी विभाग द्वारा विद्यार्थियों को समृद्ध विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य करुणा के शिखर महात्मा बुद्ध की जीवन दृष्टि से परिचित करवाने के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण (धर्मशाला एवं मैक्लोड़गंज) का आयोजन किया गया जिसमें 51 के लगभग विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कॉलेज प्रचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थी अपनी परंपरा एवं ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से परिचित होता है साथ ही उनमें 'हम' की भावना विकसित होती है डॉ अनीश ने बताया कि विद्यार्थियों को आनंदपुर साहब में सिख धर्म के पावन इतिहास, शौर्य एवं पराक्रम के बारे में बता उन्हें भारत के अतीत से अवगत करवाया गया। विद्यार्थियों को मैकलोडगंज के भागसूनाथ मंदिर में ले जाकर मंदिर निर्माण के पीछे के हेतुओं को स्पष्ट किया गया। तदुपरांत विद्यार्थियों को प्राकृतिक सौंदर्य से अवगत कराने के लिए वहां के पहाड़ों, झरनों, वृक्षों की रमणीयता दिखाई गई। महात्मा बुद्ध के मंदिर के दर्शन कर विद्यार्थियों ने महात्मा बुद्ध के जीवन सूत्रों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और साथ ही विद्यार्थियों को यह बताया गया कि आज के भौतिकतावादी युग में महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं बहुत ही अनुकरणीय है। इस शैक्षणिक यात्रा में प्रो. जस्मिता एवं प्रो. रितिका मौजूद रहे।